हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 अवैध निर्माण राजीनामा के एक साल में 300 से...

14 समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं...




# एकलव्य विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू, बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

जिले के मैनपुर आदिवासी विकासखण्ड क्षेत्र को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी सौगात दिया है। आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए एकलव्य विद्यालय मील का पत्थर साबित होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर 2021 को मैनपुर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय निर्माण के लिए वर्चुअल माध्यम से आधार शिला भूमिपूजन किया था लेकिन मैनपुर क्षेत्र में पर्याप्त जगह के अभाव में करोड़ों रूपये राशि स्वीकृत होने के बावजूद भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया था। हांलाकि एकलव्य विद्यालय मैनपुर में संचालित किया जा रहा था लेकिन कमरों की कमी के कारण गरियाबंद क्षेत्र के पीपरछेड़ी में मैनपुर का आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है लेकिन अब इस समस्या का समाधान किया जा चुका है तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर दूर छिन्दौला में लगभग 34 करोड़ रूपये की लागत से एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है और पिछले चार माह से तेज गति से निर्माण कार्य किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस एकलव्यव विद्यालय में 300 छात्र- छात्राएं निवास कर अध्यापन कार्य करेंगे और यह भवन का निर्माण कार्य 12 माह के भीतर मई 2026 तक पूर्ण किया जाना ▶▶|शेष पेज 13 पर

## छिन्दौला में 34 करोड रूपए की लागत से एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण प्रारंभ

### मिल का पत्थर होगा साबित

पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डमरूधर पुजारी ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरियाबंद जिले के हमारे इस आदिवासी क्षेत्र को बहुत बड़ी सौगात दिया है। आदिवासी बच्चों की शिक्षा को लेकर केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार एंव राज्य के विष्णुदेव सरकार पूर्ण रूप से संवदेनशील है इस विद्यालय भवन के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा में जोडने मिल का पत्थर साबित होगा।



### साल के भीतर पूरा होगा निर्माण कार्य

गरियाबंद जिला के अपर कलेक्टर नवीन भगत ने चर्चा में बताया कि मैनपुर छिन्दौला में एकलव्य विद्यालय भवन निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। इस विद्यालय में कुल सीट 300 छात्रों की है भवन की लागत 34 करोड रूपए है निर्माण एजेंसी सेंन्ट्रल पीडब्लू डी एवं 12 माह एक साल के भीतर निर्माण कार्य पूरा किया जाना है, लगातार अफसर निर्माण कार्य के निरीक्षण कर रहे हैं।

- नवीन भगत, अपर कलेक्टर गरियाबंद


## खबर संक्षेप



### सांसद बृजमोहन व विधायक इंद्रकुमार आज नवापारा में

**नवापारा-राजिम।** सुशासन तिहार 2025 के तहत आज 9 मई शुक्रवार को शहर के नेहरू गार्डन के पास सामुदायिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस समाधान शिविर में विशेष रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक इंद्रकुमार साहू मौजूद रहेंगे। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा जिसमें नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। प्रथम चरण में आवेदन संग्रह, दूसरा चरण में आवेदन पत्र की छटनी के साथ-साथ निराकरण करने हेतु कार्यवाही संबंधित शासकीय विभागों द्वारा किया गया। इसी क्रम में आज नगर पालिका क्षेत्र में तृतीय चरण का समाधान शिविर लगाया गया है।

### विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश चयन के लिए लॉटरी आज



**फिंगेश्वर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में शिक्षा सत्र 2025–26 के विभिन्न कक्षाओं में छात्रों के चयन के लिए लॉटरी 9 मई सुबह 10.00 बजे विद्यालय में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के समक्ष शासन के निर्देशानुसार निकाला जाएगा। इस वर्ष कक्षा पहली में रिक्त 50 सीटों के लिए 130 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से पात्र आवेदन में से 50 सीटों के लिए लॉटरी निकला जाएगा। इसी प्रकार जिस भी कक्षा में सीट रिक्त है उनका भी नियमानुसार लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाना है जो भी पालक इस लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वे समय पर उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। उक्त जानकारी संस्था के प्रमुख मुकेश निर्मलकर ने दी।

### मड़ेली में समाधान शिविर आज

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेश के साथ-साथ गरियाबंद जिले में भी सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के अगले चरण में 5 मई से समाधान शिविरों की शुरूआत हो चुकी है। इसी कड़ी में 09 मई को विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत मड़ेली में समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा। पूर्व में यह शिविर 19 मई को आयोजित होने वाली थी। जिसके तिथि में परिवर्तन किया गया है। मड़ेली के समाधान शिविर में ग्राम मड़ेली, कनेसर, पक्तियां, द्वारतरा, करचाली, खड़मा करकरा, खैरझिटी, लोहझर, हरदी, जरगांव, पिपरछेड़ी, गायडबरी, देवरी, खरखरा के लोग शामिल होंगे। शिविर में सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों के निराकरण स्थिति बताई जायेगी। शिविर में ग्रामीणजन अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन भी प्रस्तुत कर सकेंगे।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम रिसेकला में शराब लोगों को अपने किराना दुकान में शराब पीने की सुविधा देने वाले जयपाल डडसेना के खिलाफ सरायपाली थाने में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## हादसा : स्वराज माजदा ड्राइवर साइड पूरी तरह क्षतिग्रस्त

# माजदा और ट्रैक्टर की टक्कर में चालक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर क्षेत्र में बुधवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्वराज माजदा और एक अज्ञात ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। यह घटना रात करीब 8:30 बजे बोरसी स्थित बजरंग मंदिर के पास घटी, जब रायपुर से किराना सामग्री लेकर आ रही स्वराज माजदा क्रमांक CG 04 एलएम– 3481 सामने से आ रहे पत्थर से लदे अज्ञात ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्वराज माजदा की ड्राइवर साइड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे वाहन चालक नंदकुमार यादव उम्र 38 वर्ष, निवासी फिंगेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया और वाहन में ही फंस गया। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद माजदा वाहन पलट गया। वाहन में सवार अन्य दो लोग पवन हल्बा और संजू मरकाम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची। चालक नंदकुमार जो वाहन मे फंसा था उसे निकाला और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को सामुदायिक अस्पताल भिजवाया।



### शव को परिजनों को सौंपा



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रॉली को घटनास्थल पर छोड़कर ट्रैक्टर की मुंडी लेकर फरार हो गया। गुरुवार को मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 281, 25ए, और 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है।

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए अधेड़ पर भालू का हमला, घायल

**मुड़ागांव(कोरासी)।** वनांचल ग्रामों में इन दिनों तेंदूपत्ता संग्राहण कार्य पिछले कुछ दिनों से चल रहा है।और तेंदूपत्ता वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों का मुख्य आया का साधन है। जिससे तोड़ने ग्रामीण जंगलों में जाकर तोड़कर एकत्र करते हैं। तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए ग्राम पिपरछेड़ी निवासी दिवान ध्रुव उम्र लगभग 55 -60 वर्ष का पिता हरिसिंह ध्रुव तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गया हुआ था। अचानक भालू सामने आया और दिवान पर हमला कर दिया वहीं बचाव में भालू के ऊपर वार किया तभी भालू जंगल की ओर भागा और दिवान ने घायल स्थिति में परिवार के पास पहुंचे तभी परिजनों ने तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा लाया गया जहां उसका इलाज कराया गया। दिवान का बाया हाथ पर भालू के दांत और नाखून के घाव के निशान है जिसका इलाज कर डॉक्टर द्वारा किया गया। वहीं दिवान ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की है।



# 5 किलो गांजा जब्त दो तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सभी थाना प्रभारी को थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी बिक्री पर अंकुश लगाने के साथ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में थाना प्रभारी राजिम अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय किए थे। मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी राजिम निरीक्षक अमृत लाल साहू को सूचना दिया कि ग्राम पिताईबंद से गैस गोदाम रोड होते हुए अवैध रूप से गांजा लेकर राजिम आने की सूचना प्राप्त हुआ। जो थाना से पुलिस टीम लेकर मुखबिर द्वारा बताए गए घटनास्थल पर रवाना होकर इंडियन गैस गोदाम के पास मोटर साइकिल की पुलिया के आधार पर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 पीआर 0438 को रोक कर समक्ष गवाहन के चेक किया गया। चेक करने के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक के थैले में रखें 5.800 किलो ग्राम गांजा मादक पदार्थ कीमती 60,000 रुपए को बरामद कर समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। दोनों आरोपियों का नाम पता पूछने पर अपना नाम 1 गिरवर देवांगन उम्र 29 वर्ष निवासी पिताईबंद थाना राजिम। 2 कोमल देवांगन उम्र 27 वर्ष निवासी पिताईबंद थाना राजिम का होना बताया। अवैध गांजा परिवहन करते उपयोग में हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 पीआर 0438 कीमती 70,000 रुपए कुल जुमला 1 लाख 30 हजार रुपए को जप्त किया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य अपराध धारा 20 (ख) नारकोटिक ▶▶|शेष पेज 13 पर

# मनरेगा के तहत सर्वाधिक रोजगार देने वाली पंचायत बनी घुमारगुड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मनरेगा के तहत विकासखंड के 53 ग्राम पंचायत में सर्वाधिक रोजगार मुवईया करने वाला ग्राम पंचायत घुमारगुड़ा प्रथम नंबर पर है वही ग्राम पंचायत डोहल दूसरे एवं ग्राम पंचायत झाकरपारा तीसरे नंबर पर है,मनरेगा मानव दिवस की आंकड़े के अनुसार पूरे विकासखंड में 4551 मानव दिवस के साथ घूमरगुड़ा ने प्रथम नंबर प्राप्त किया है,ग्राम घुमारगुड़ा की सरपंच श्रीमती रजनी देवेंद्र ठाकुर ने अपने कुशल नेतृत्व से गांव के तालाब के साफ–सफाई हरीकरण , नए निजी डबरी निर्माण एवं तीन किसानों का मेड़बंदी कार्य करवा कर स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मुफैया कराया है। सरपंच रजनी देवेंद्र ठाकुर का कहना है कि हर हाथ को काम और सम्मान यही होगी। ग्राम पंचायत घुमारगुड़ा की पहचान इसी तर्ज पर पूरे पांच वर्षों स्थानीय ग्रामीणों के लिए कार्य उपलब्ध कराया जाएगा, हम पूरी कोशिश करेंगे की ग्राम पंचायत घूमरगुड़ा के मनरेगा जॉब कार्ड को 100 रोजगार मिले और किसी ग्रामीण को रोजगार की तलाश में अपने परिवार को छोड़कर बाहर न जाना पड़े, यह हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

## लाखागढ़ और बागबाहरा के बीएसएनएल ऑफिस में चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** लाखागढ़ और बागबाहरा के बीएसएनएल ऑफिस में चोरी की घटनाएं हुई हैं। मामले को लेकर पिथौरा और बागबाहरा थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है । पुलिस ने बताया कि लाखागढ़ बीएसएनएल आफिस से 6 मई की रात अज्ञात चोर द्वारा 4 नग कापर, पट्टी, कापर बेल 30 मी. 50 एमएम, तीन नग 4जी बीटीएस केबल 30 मी., पावर केबल 50 एमएम 10 मी., 25 एमएल केबल 20 मीटर 2जीबीटीएस केबल 20 मीटर कीमत करीबन 30000 रुपए के सामानों की चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गयाहै। इसी तरह 7 मई को बीएसएनएल ऑफिस बागबाहरा से 5 नग लिथियम बैटरी किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305 ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

# मुर्गी के लोभ में तेंदुआ फंसा 40 फीट गहरे कुएं में गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छुरा नगर के पास ग्राम पंडरीपानी में गुरुवार सुबह तेंदुए का मुर्गी शिकार करना उसे भारी पड़ गया। मुर्गी लेकर भाग रहा तेंदुआ 40 फीट गहरे कुएं में गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेंज ऑफिसर संतोष चौहान ने बताया कि पहले प्रयास में कुएं में सीढ़ी डाली गई, लेकिन तेंदुआ बाहर नहीं निकला। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से खाटनुमा माची तैयार कर रस्सियों से बांधकर कुएं में डाली गई। जैसे ही माची कुएं में पहुंची, तेंदुआ उस पर बैठ गया। इसके बाद उसे सावधानीपूर्वक ऊपर खींचा गया। कुएं से बाहर निकलते ही तेंदुआ सीधे जंगल की ओर भाग गया। वन अधिकारी संतोष चौहान ने बताया कि किसी प्रकार की जनहानि या अन्य नुकसान नहीं हुआ। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा।



### रेस्क्यू के बाद जंगल की ओर भागा

## खुशी ने 93 प्रतशत हासिल कर किया टॉप

# 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में बेटियों ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार शाम जारी कर दिए गए है। शासकीय कन्या शाला की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12 वीं कला संकाय की छात्रा खुशी साहू ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर शाला में प्रथम स्थान दर्ज कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम सर्वोच्च 92.80% रहा। वहीं विज्ञान संकाय का 87.17% तथा कला संकाय का 82.12% रहा। वाणिज्य संकाय की छात्रा संतोषी साहू ने 86.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कला संकाय की छात्रा खुशबू गिलहरे ने 85%अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया. इस प्रकार कक्षा बारहवीं में कल 174 छात्राओं में से 148 छात्राएं उत्तीर्ण रही। कुल परीक्षा परिणाम 85.5% रहा। प्रथम श्रेणी में 94 द्वितीय श्रेणी में 53 तथा केवल एक छात्रा तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण रही। संस्था का कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा. कुल 174 छात्राओं में 111 उत्तीर्ण रहीं। प्रथम श्रेणी में 41, द्वितीय श्रेणी में 67, तृतीय श्रेणी में 3 तथा 19 छात्राओं ने पूरक प्राप्त किया कुल परीक्षा परिणाम 63.79 % रहा। कक्षा दसवीं की छात्रा शारदा साहू ने 92.83% अंकों के साथ संस्था में टॉप किया। भारती साहू 86. 16 % द्वितीय एवं लेखिका सेन 85.83% अंकों के साथ संस्था में तृतीय रही।



### असफलता जैसी कोई नहीं चीज

प्राचार्य सरिता नासरे ने छात्राओं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। साथ ही उन छात्रों को अधिक मेहनत करने की सलाह दी जिनके परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत अच्छे नहीं रहे। बोर्ड परीक्षा में असफल छात्राओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि असफलता जैसी कोई चीज नहीं होती है व्यक्ति या तो सफल होता है या सीखता है। निरंतर प्रयास से ही सफलता संभव है।

# जंगली सुअर के हमले में दो महिलाएं घायल, सहायता राशि प्रदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

स्थानीय वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांकरा परिवृत के माटीदरहा परिसर में तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान दो महिला श्रमिकों पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। यह घटना मोहगांव की लघु वनोपज समिति के अंतर्गत ग्राम बगारदरहा से लगे कक्ष क्रमांक 290 में सुबह लगभग 6 बजे घटी। हमले में घायल महिलाओं की पहचान देवना बाई साव, पति जोगीराम साव एवं वृंदावती चौहान, पति शेषदेव- दोनों निवासी ग्राम बगारदरहा के रूप में की गई है। हमले के बाद दोनों महिलाओं को प्राथमिक उपचार के लिए ग्राम बगारदरहा में ही स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराया गया।

## खबर संक्षेप




### हरिहर स्कूल में सफलता का डंका, 12वीं में विशाल और 10वीं में तरुण रहे टॉपर

**नवापारा-राजिम।** छत्तसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बुधवार को घोषित बोर्ड कक्षा के परीक्षा परिणामों में पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ठ रहा। संस्था प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने बताया कि संस्था में बारहवीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा, जबकि दसवीं का 64.39 प्रतिशत रहा। उन्होंने परीक्षा परिणाम को विस्तार से बताते हुए कहा कि बारहवीं में 169 परीक्षार्थियों में 131 प्रथम श्रेणी, 90 द्वितीय श्रेणी, 41 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जबकि 19 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण एवं 19 परीक्षार्थी पूरक की श्रेणी में आए हैं। कक्षा बारहवीं में 89.8 प्रतिशत लेकर विशाल राठौर प्रथम, 87 प्रतिशत लेकर घनश्याम गिलहरे एवं विजुल बंजारे द्वितीय तथा 85.8 प्रतिशत लेकर भवदीप देवांगन तृतीय रहे। वहीं कक्षा दसवीं में 205 परीक्षार्थियों में से 79 प्रथम, 49 द्वितीय ,4 तृतीय, 62 अनुत्तीर्ण एवं 11 पूरक रहे । कक्षा दसवीं में 96.5 प्रतिशत लेकर तरूण देवांगन प्रथम, 94.1 प्रतिशत लेकर शारदा साहू व्दितीय, 91.5 प्रतिशत लेकर रवि निर्मलकर तृतीय रहे। संस्था प्राचार्य श्रीमती दानी ने सभी परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जो परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण या पूरक आए हैं वे निराश न होवें और अभी से तैयारी में जुटकर द्वितीय अवसर में परीक्षा दिलाकर उत्तीर्ण हो सकते हैं।

### सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई

**नवापारा-राजिम।** टीबीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) नवापारा में सत्र 2024-25 में कक्षा बारहवीं एवं दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं में सर्वप्रथम कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान मुस्कान वारसी 83.8 प्रतिशत प्राप्त किया। इसी कड़ी में द्वितीय स्थान पर रिदा कुलसुम एवं तृतीय स्थान पर नवीन राज ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत व लगन का परिचय देकर शाला को गौरवान्वित किया। इसी कड़ी में कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में कक्षा में उत्कृष्ट अंक कु. रूपाली भारद्वाज 90.33 प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर पराग जगवानी एवं तृतीय स्थान पर दिव्यांजली सेन ने प्राप्त किया। शाला प्राचार्या हरप्रीत कौर ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलतादका श्रेय उनकी मेहनत एवं लगन का परिणाम बताते हुए सभी शिक्षकों की ओर से उन्हें बधाई दी।

### ईशु दीदी की चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रही राजयोगिनी ब्रम्हा कुमारी ईशु दादी की चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में मनाया गया। समस्त ब्रम्हा कुमारी बहने एवं पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर दादी को श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित किए। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने दादी ने कहा कि गम्भीरता की प्रतिमूर्ति दादी अपनी छोटी सी उम्र में संस्थान से जुड़कर अपना जीवन समर्पित कर दिया और कोषाध्यक्ष की सेवा सम्हालने की निमित्त बनी और अनेकों आत्माओं को सत्य ज्ञान और परमात्मा पिता का सत्य परिचय देकर सच्चा विश्व कल्याण का कार्य किया, आज के दिन सभी ब्रम्हा वत्सो ने मौन में रह कर दादी के विशेषताओं को धारणा करने की प्रतिज्ञा ली।

### दसवीं में खुशी को मिला 95 प्रतिशत

**बागबाहरा।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 5 निवासी खुशी देवांगन ने कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत अंक हासिल किया है। खुशी देवांगन अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वे नजरबंदी देवी स्कूल में पढ़ाई करती थी। उसके 95प्रतिशत अंक प्राप्त होने उन्होंने माता पिता गुरुदेव सहित मित्रो ने हर्ष जताया है।

### आपरेशन सिंदूर आतंकी घटनाओं को रोकने में कामयाब होगा

# आपरेशन सिंदूर; सही समय पर स्ट्राइक पूरा राष्ट्र भारतीय सेना पर कर रहा गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भारतीय सेना ने पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर आतंकी कैंपों को तबाह कर दिया, सेना के इस पराक्रम का पूरे देश में लोगों के द्वारा जश्न मनाया जा रहा है मैनपुर क्षेत्र में भी लोगों ने भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम किया है। बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि भारतीय सेना ने साहसपूर्ण जवाबी कार्रवाई की है जो प्रशंसनीय है। पहलगाम आतंकी हमले में नागरिकों को सच्चा न्याय मिला है। देश की जनता की सुरक्षा और आतंकवाद के खात्मे के लिए सेना का निर्णय वाजिब था। हम सब भारतीय सेना के साथ हैं। आपरेशन सिंदूर आतंकी घटनाओं को रोकने में कामयाब होगा।



पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि भारत के सैनिकों का साहस पूरी दुनिया में अद्भुत है। पूरी दुनिया ने भारतीय सेना के पराक्रम को स्वीकार किया है। पाकिस्तानी आतंकियों ने जिस प्रकार धर्म पूछकर हिंदू पर्यटकों को गोली मारी थी, आज उसका जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने दिया।

### भारत की सेना ने मुंह तोड जवाब दिया : शाह



बिन्द्रानवागढ के पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह ने कहा की भारत अब आंतकवांद को सिर्फ सहन नही कर रहा बल्कि उसका मुह तोड जवाब दे रहा है, हमारी सेना ने एक बार फिर साबित कर दिया की भारत की सूरक्षा के साथ कोई भी समझौता नही किया जायेगा यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्यवाही नही बल्कि देश की संप्रभुता शौर्य और स्वाभिमान का प्रतीक है।

### पूरे देश को गर्व से भर दिया : पं. योगेश



भाजपा जिला गरियाबंद उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस और निर्णायक नेतृत्व ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरे देश को गर्व से भर दिया है। हमारे जांबाज जवानों ने जिस तरह दुश्मन के इरादों को नेस्तनाबूद किया है, वह हमारी सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। हमारी सेना ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। यदि कोई भी देश या संगठन हमारे नागरिकों के विरुद्ध हिंसा का प्रयास करेगा, तो उसका परिणाम बहुत ही घातक होगा।

### भारतीयों का सीना चौड़ा हो गया : संतोष



भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पीओके में स्थापित 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर बदला ले लिया है। इससे भारतीयों का सीना गर्व से चैड़ा हो गया। सलाम भारतीय सैनिकों एवं भारत सरकार को, जिनकी बदौलत भारत की ताकत पूरे विश्व ने देख लिया। हमारे देश की सेना को करारा जवाब देना आता है। इससे पहले भी सर्जिकल स्ट्राइक कर सैकड़ों आतंकवादियों का खात्मा किया था।

### पाक के खिलाफ कार्रवाई जरूरी थीः तुलसी



भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री तुलसी राठौर ने कहा ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को समर्पित एक ऐतिहासिक कदम है, जो हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला को और प्रज्वलित करता है।

### पहलगाम घटना का मुंहतोड़ जवाब मिला : रामकृष्ण



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण धुरव का कहना है कि पहलगाम घटना का मुंहतोड़ जवाब भारतीय सेना ने आतंकवाद को दिया है। आपरेशन सिंदूर में आतंक के गढ़ का समूल नाश हुआ है। आतंकवादी ढेर हुए हैं। यह कार्रवाई निरंतर चलनी चाहिए, ताकि आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो जाए। आतंकवाद मानव समाज के लिए अभिशाप है।

### भारतीय सेना पर हमें गर्व है : शाहिद



युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन ने कहा कि भारतीय सेना पर गर्व है जिन्होंने भारतीयों की अस्मिता की रक्षा हमेशा की है। पूरा विश्व हमारे साथ हैं। हम सेना के साथ हैं। अब कोई विघटनकारी शक्तियां भारतीयों की तरफ आंख उठाकर नहीं देखेगी। आतंकवादी गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगेगी। यह कार्रवाई निरंतर चलनी चाहिए।

### आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा : गेन्दु



ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि आतंक को जड़ से खत्म करने के लिए आतंकवाद के समर्थक, उसके गढ़, नींव को पूरी तरह खत्म करना आवश्यक है। आपरेशन निरंतर चले ऐसी सभी भारतीयों की मंशा है। जनता भारत सरकार और भारतीय सेना के साथ है। आतंकी को बेनकाब करने हर भारतीय सीमा पर जाना चाहेगा। आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है।

### भारतीय सेना ने दिया पराक्रम का परिचय : हनीफ

मुस्लिम समाज मैनपुर के अध्यक्ष हनीफ मेमन का कहना है कि



भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर आंच आए तो सभी भारतीय मतभेद भुलाकर भारत और सेना की हौसला अफजाई करते हैं। भारतीय सेना ने पिछली पांच लड़ाई में पराक्रम का परिचय देते हुए भारतीयों का सीना चैड़ा किया था। आपरेशन सिंदूर भी पहलगाम हमले में शहीद हुए नागरिकों को न्याय देने लांच किया गया है। इस कार्रवाई में 9 आतंकी कैम्प को ध्वस्त किया गया है। भारतीय सेना को सलाम।

### अधर्म के खिलाफ धर्म युद्धः मोहित



विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष मोहित द्विवेदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर अधर्म के खिलाफ धर्म युद्ध है। आपरेशन सिंदूर धर्म और सम्मान की रक्षा के लिए है। यह मां दुर्गा द्वारा राक्षसों का संहार करने की छवि से प्रेरित है। इस धर्मयुद्ध में सभी भारतीय नरेन्द्र मोदी सरकार एंव भारतीय के सेना के साथ हैं।

### सेना के पराक्रम के लिए सदैव आभारी रहेगा देश : लोकेश्वरी



जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य एवं आदिवासी महिला जिला अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को लक्ष्य कर किए गए हमले को प्रशंसनीय कार्रवाई बताते हुए कहा कि देशवासी भारतीय सेना के पराक्रम के लिए सदैव उनके आभारी रहेंगे। आतंकी ठिकानों पर हमला पहलगाम के जान गंवाने वाले 26 बेकसूर नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है। श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने कहा भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान को सबक मिलेगा। पहलगाम हमले में प्राण गंवाने वाले 26 नागरिकों को सरकार जल्द से जल्द शहीद का दर्जा भी प्रदान करे।

## जयंती पर प्रीति, पंचराम एवं भूपेंद्र को मिला महाकवि सूरदास सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

फार्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहराखुर्द में महाकवि सूरदास की जयंती पर विविध कार्यक्रम जिला सक्षम संगठन महासमुंद इकाई द्वारा आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रश्मि साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में दिव्यांग मित्र मंडल पिथौरा के संयोजक बीजू पटनायक, वृद्धजन सेवा समिति महासमुंद की संयोजिका एवं जिला महिला आयाम उषा साहू, डॉ. महेंद्र साहू, समाज सेवक दुर्गा वस्त्रकार, शिक्षक अनिल चक्रधारी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों ने हिंदी साहित्य के महाकवि सूरदास और भारत माता की छायाचित्र पर फूल, अक्षत एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सक्षम के जिला संयोजक राजेश कुमार नायक ने सक्षम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित दिव्यांगता उन्मूलन एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण को पूर्ण करने के लिए इकाई द्वारा किये गए प्रयासों की जानकारी दी।



साहित्यकार शशिभूषण सोनी ने सूरदास को हिंदी साहित्य का सूरज दर्शाते हुए उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण किया। विशेष अतिथि शिक्षक अनिल चक्रधारी ने सूरदास का जीवन परिचय देते हुए उनके साहित्यिक अवदानों पर चर्चा करते हुए उन्हें महानतम् साहित्यकार कवि एवं गीतकार के रूप में उनकी उपलब्धियों को रेखांकित किया है। विशेष अतिथि बीजू पटनायक ने कहा कि बैसाख शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रतिवर्ष सूरदास जयंती के रूप में मनाया जाता है। सूरदास जयंती मनाने का उद्देश्य उनके साहित्यिक योगदान को जन जन तक पहुंचाना है। सूरदास सर्वश्रेष्ठ कृष्ण उपासक, भक्त एवं साहित्य शिरोमणि थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यालय की प्रचार्या रश्मि साहू ने हिंदी साहित्य में सूरदास के योगदान को रेखांकित करते हुए सूरदास के जीवन पर प्रकाश डाला है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सक्षम संस्थान द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दृष्टिहीन प्रतिभाशाली लोगों का सम्मान मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ से किया गया। राष्ट्रीय पैरा एथेलेटिक्स चैंपियन एवं योग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दृष्टिहीन शिक्षिका प्रीति यादव, संगीत शिक्षा के लिए दृष्टिहीन गायक शिक्षक पंचराम नेताम एवं शासकीय चंद्रपाल डड़सेना महाविद्यालय पिथौरा में अध्ययनरत एमए अंतिम हिंदी साहित्य के विद्यार्थी भूपेंद्र पटेल को शिक्षा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रेमचंद डड़सेना चंडी खुसरूपाली एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक राजेश कुमार नायक ने किया। इस दौरान विद्यार्थीगण, विद्यालय स्टाफ के शिक्षक एवं कर्मचारी एवं बागबाहरा एवं आसपास के ग्रामीणजन, समाज सेवक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## भारत आतंकवाद के खिलाफ कोई भी नरमी नहीं बरतेगा : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला




■ आपरेशन सिंदूर पर क्षेत्र के लोगों ने सुरक्षा बलों के जवानों का जताया आभार

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्राम रसेला, मुढीपानी, कुडेरादादर, रुवाड, मेडकीडबरी, दादरगाव नया, कोठीगाव, पड्रीपानी गोंड, कनसिघी, भरूवामुडा, सिवनी, केवटीझर, सेम्हरा, टेगनाबासा सहित क्षेत्र के निवासियों ने खुशी जाहिर की। क्षेत्र वासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त करते हुए देशभक्ति के नारे लगाए। इसी कड़ी में जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा ने कहा कि भारतीय सेना की यह कार्रवाई देश की सुरक्षा के प्रति सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाती है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ और भी सख्त कार्रवाई की मांग की। सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य ने कहा कि इस सफल अभियान ने सिद्ध कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ कोई भी नरमी नहीं बरतेगा। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता धनेश राम ठाकुर ने कहा कि आपरेशन सिंदूर हमारी सैन्य शक्ति, रणनीति दक्षता और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह आपरेशन उन निर्दोष नागरिकों की शहादत का जवाब है। ग्राम प्रमुख डी आर यादव ने कहा कि जो आतंकियों के कायरतापूर्ण हमलों में मारे गए थे। उन्होंने सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के तालमेल की सराहना करते हुए कहा भारत अब वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में उभरा है। ग्राम पटेल लोकराम यादव ने अपील करते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार का साथ देना चाहिए, यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। क्षेत्र के सभी सरपंचों ने कहा कि भारत अब पुरानी नीति छोड़ चुका है और प्रत्येक हमले का जवाब उसी भाषा में देगा। लोगों ने इस सफलता पर जश्न मनाया और सेना की बहादुरी की सराहना की। ग्राम पंचायत रसेला लोगों की प्रतिक्रिया देशवासियों की एकजुटता को दर्शाती है। अब सभी की निगाहें सरकार पर है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए और क्या कदम उठाए जाते हैं।

## सबसे बड़ा काम किसी का जीवन बचाना है, इसलिए बनूंगी डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



जिले में दसवी में तृतीय रैंक लाने वाली महक अग्रवाल का कहना है कि ज्यादातर होता है कि माता-पिता बच्चों को पढ़ाने की कोशिश करते हैं, लेकिन कई बार बच्चे उस पर पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाते। लेकिन, मैंने अपने माता-पिता के सपने को पूरा करने में जान लगा दी। शायद इसलिए सफल रही और आज वह काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कोई कोचिंग नहीं ली, रात के समय 4 से 5 घंटे पढ़ती थी। महक ने कहा कि मैं आगे चलकर बायोलॉजी लेना चाहूंगी और डॉक्टर बनना चाहूंगी, क्योंकि मुझे लगता है कि आज के समय में सबसे बड़ा काम किसी का जीवन बचाना है और यदि मैंने किसी एक का भी जीवन बचा लिया तो शायद मेरा जीवन सार्थक हो जाएगा और मां-बाप की थी शिक्षा भी बिल्कुल खरी उतरेगी। महक ने कहा कि मेरे पिता व्यवसायी राजेश अग्रवाल व मम्मी मोनी अग्रवाल के साथ पूरे परिवार को देते हुए उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय दिया।

## नल कनेक्शन हटाने गई टीम को लोगों` रोका, कार्रवाई में आया व्यवधान

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर मे विभिन्न वार्डों में अवैध नल कनेक्शन एवं मुख्य पाइप लाइन से कनेक्शन की लिखित एवं मौखिक शिकायत पर नगर पालिका परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से अवैध नल कनेक्शन को विच्छेद किए जाने एवं नियमति करने करने 10 हजार रूपये शुल्क लेकर नियमतिकरण करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा टीम का गठन कर नल का नियमतिक रण एवं विच्छेद करने के लिए आदेश जारी कर 8 मई को जांच टीम द्वारा वार्ड क्रंमाक 1 में अवैध नल कनेक्शन विच्छेद किए जाने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर कार्यवाही की गई जिसमें कुछ -कुछ लोगों द्वारा व्यवधान उत्पन्न कर कार्यवाही को बाधित किया गया जिसके कारण नगर पालिका की टीम वापस आ गई। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश तिवारी ने कहा कि नगर के सभी लोगों को सामान रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए जनप्रतिनिधियों व आमनागरिकों का सहयोग जरूरी है। पालिका में लिए गए निर्णय अनुसार अवैध नल कनेक्शन को वैध किए जाने के लिए निर्धारित शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त कर वैध कराया। नल कनेक्शन विच्छेद किए जाने की कार्यवाही से बचा जा सकता है। आने वाले दिनों में अवैध नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही पुलिस बल की उपस्थिती में वार्ड क्रंमाक 1 से 15 तक की जायेगी। आज की कार्यवाही के दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों ने महिलाओं को सामने लाकर माहौल खराब कर व्यवधान उत्पन्न कर काम नहीं करने दिया गया। कार्यवाही के दौरान यदि किसी व्यक्ति द्वारा विरोध या कार्य में बाधा उत्पन्न किये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने के लिए थाना प्रभारी को सूचना दी जायेगी एवं अवैध नल कनेक्शन काटने सख्ती से कार्यवाही की जायेगी।

### पेज 11 के शेष...

### एकलव्य विद्यालय का...

है, जिसके लिए लगातार जिले के आला अफसर निरीक्षण कर रहे है, तथा निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

**भवन निर्माण कार्य प्रारंभ होने से लोगों में उत्साह-** आदिवासी क्षेत्र के बच्चें को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एकलव्य विद्यालय मील का पत्थर साबित होगा और यहां पढ़ाई करने वाले बच्चों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी जिसको ध्यान में रखकर विशाल भवन का निर्माण लगभग 30 एकड जमीन में किया जा रहा है। यह भवन निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है क्योंकि मैनपुर क्षेत्र के लोगों ने एकलव्य विद्यालय भवन निर्माण के लिए लगातार संघर्ष किए हैं तब जाकर यह भवन निर्माण कार्य आज तेज गति से किया जा रहा है और आने वाले दिनों में इसका बेहतर लाभ क्षेत्र के बच्चों को मिलेगा। कांग्रेस कार्यकाल में भवन निर्माण कार्य अधर में लटका रहा। विष्णुदेव के सरकार में तेजी से निर्माण कार्य चालू है।

**पूर्ववर्ती सरकार ने निर्माण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठया -** उल्लेखनीय है कि मैनपुर में एकलव्य विद्यालय के लिए 15 नवम्बर 2021 को देश के प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी द्वारा वुर्चअल शिलान्यास किया जा चुका था लेकिन छत्तीसगढ में पिछले पांच वर्षो तक कांग्रेस की सरकार में एकलव्य विद्यालय निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाई गई जिसके कारण मैनपुर के देहारगुड़ा में संचालित हो रहे एकलव्य विद्यालय को यहां से 60 किलोमीटर दूर गरियाबंद ब्लॉक के पीपरछेडी स्थानांतरित कर दिया गया अब छत्तीसगढ में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में एकलव्य विद्यालय निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाया गया और मैनपुर से 15 किलोमीटर दूर छिन्दौला के नजदीक विशाल भवन का निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

### 5 किलो गांजा...

एक्ट का पाए जाने से दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों को समक्ष गवाहन के विधिवत की गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना राजिम पुलिस टीम का विशेष भूमिका रहा।

HEALTH TOWN
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्केन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर से भारत के लिए आतंकियों से बदला : इंद्रजीत

**कोपरा।** गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने ऑपरेशन सिंधु पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के आतंकियों को करारा जवाब दिया है उन्होंने कहा कि इस सफल अभियान के यह सिद्ध कर



दिया है कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ कोई भी नरमी नहीं बरसेगा उन्होंने आगे कहा कि भारतीय सेवा और सुरक्षा बलों की प्रशंसा करते हुए ऑपरेशन सिंदूर हमारी सैन्य शक्ति रणनीतिक और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है यह ऑपरेशन उन निर्दोष नागरिकों की शहादत का जवाब है जो आतंकियों के कायरता पूर्ण हमले में मारे गए थे उन्होंने सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के तालमेल की सराहना करते हुए कहा कि भारत अब वैशिवक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ एक दृढ राष्ट्र के रूप में उभरा है, उन्होंने यह भी अल किया है कि सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार का साथ देना चाहिए यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

### ऑपरेशन सिंदूर भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब : कुलेश्वर सोनवानी

**कोपरा।** छुरा ब्लॉक युवा जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने अपनी उत्साह एवं जोश भरी टिप्पणी में कहा कि पाकिस्तान को एक चुटकी सिंदूर की अहमियत मालूम हो जाएगी हमारे देश के



बेकर लोगों की जो निर्मल हत्या की है इसका करारा जवाब दिया गया है कश्मीर में आतंकियों की करता पूर्ण किए गए नरसंहार का जवाब देकर भारत ने दुनिया को संदेश दिया है कि हम शांति सद्भावना एवं प्रेम की भावना वही तक रखते हैं जहां तक कोई हमें डरपोक एवं कमजोर नहीं समझते अगर हमारे स्वाभिमान अखंडता के साथ कोई कुछ भी खिलवाड़ करने की हिम्मत करेगा तो भारत के लोग उसको नित्नोनबूब कर देगा।

### छात्रवृत्ति के लिए आधार से लिंक बैंक खाते जरूरी

**गरियाबंद।** राज्य छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एसटी,एससी एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति योजना हेतु आधार की अनिवार्यता के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा योजनावार आधार संसूचना जारी कर दी गयी है। आधार संसूचना शासन की वेब साइट ईजीएजेडईटीटीई डाट एनआईसी डाट इन से भी प्राप्त की जा सकती है। शासन के द्वारा शत प्रतिशत हितग्राहियों का ई-केवायसी अनिवार्य किया गया है। जिसके तहत वर्तमान सत्र 2025-26 से राज्य छात्रवृत्तियों के लिए लाभार्थियों का ई-केवायसी व आधार आधारित डीबीटी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्यों को पत्र के माध्यम से सूचित किया है। इसके अनुसार प्रत्येक लाभार्थी हेतु आधार व आधार से लिंक बैंक खातों हेतु विद्यार्थियों/पालकों को सूचित करने के साथ शाला प्रबंधन समिति की बैठकों - पालक शिक्षक बैठकों/ग्राम सभा व स्थानीय स्तर पर प्रचार प्रसार करें।

**समाधान शिविर :** विधायक ने ग्रामीणों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

# समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का हो रहा निराकरण : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा/मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम पंचायत मुड़ागांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां भारी संख्या में मुड़ागांव सहित आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने-अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिविर में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने शामिल होकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। विधायक श्री साहू ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण के संबंध में जागरूक करते हुए जल शपथ भी दिलाई। उन्होंने लोगों को जल के बचाव के लिए कार्य करते हुए फसल परिवर्तन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि, किसान किताब, कृषि बीज, मछली जाल आदि से लोगों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान विधायक श्री साहू ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्न प्रासन्न एवं गर्भवती माताओं को गोद भराई की रस्म अदा की। इस दौरान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, एसडीएम नेहा भेड़िया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।





### केंद्र और राज्य की सरकार गांव, गरीब व किसान के लिए कर रही कार्य

शिविर में विधायक श्री साहू ने कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसके अगले चरण में समाधान शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसके तहत लोगों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी किया जा रहा है। जिससे लोगों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी उनके गांव के पास ही शिविर लगाकर दी जा रही है। विधायक ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकारें गांव, गरीब, किसान की प्रगति और खुशहाली के लिए सतत कार्य कर रही हैं। उन्हें विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास, जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच पानी, बिजली, सड़क, अस्पताल, स्कूल एवं विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

# जिले में वनौषधि अनुसंधान केंद्र की स्थापना की मांग तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में वनौषधि अनुसंधान केंद्र की स्थापना को लेकर जनजातीय समाज की ओर से सशक्त और तार्किक मांग उठाई जा रही है। गोंड, कमार और भुजिया जैसी जनजातियों से समृद्ध यह क्षेत्र परंपरागत औषधीय ज्ञान का धनी है, लेकिन आधुनिकता की आंधी में यह बहुमूल्य धरोहर तेजी से विलुप्ति की ओर बढ़ रही है। गरियाबंद के घने वन क्षेत्रों में गिलोय, आँवला, हर्रा, बेहड़ा, सतावर, कोनच, अश्वगंधा, वज्रदंती और कालमेघ जैसी सैकड़ों औषधीय वनस्पतियाँ पाई जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय जनजातियाँ पीढ़ियों से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में करती आ रही हैं। अब यह समुदाय चाहता है कि उनके ज्ञान को संरक्षित करने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जिले में एक समर्पित वनौषधि अनुसंधान संस्थान की स्थापना हो। जनजातीय नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि इस संस्थान की स्थापना की जाती है, तो इसके माध्यम सेः परंपरागत औषधीय ज्ञान का वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण किया जा सकेगा। औषधीय पौधों की पहचान, संरक्षण और परीक्षण को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण व रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे

औषधीय उत्पादों का प्रसंस्करण और विपणन कर जिले को आर्थिक लाभ होगा। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय संगठनों ने राज्य व केंद्र सरकार से मांग की है कि वे इस दिशा में शीघ्र पहल करें। उनका कहना है कि यह न केवल जनजातीय संस्कृति और ज्ञान के संरक्षण का प्रश्न है, बल्कि जनस्वास्थ्य, रोजगार और स्थानीय विकास से भी जुड़ा मुद्दा है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाया गया, तो गरियाबंद जैसे समृद्ध वन क्षेत्र की परंपरागत विरासत और संभावित अवसर हमेशा के लिए खो सकते हैं।



# बच्चों ने जाना बैंक डाकघर का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी में संचालित समर कैम्प के चौथे दिन समय सारणी के अनुसार राजिम स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा एवं डाक घर का भ्रमण कराया गया। जहां संबंधित अधिकारियों द्वारा खाता कैसे खोला जाता है एवं उससे संबंधित कौन-कौन से कागजात की आवश्यकताएं होती है जैसी बातों की जानकारी दी गई साथ ही बैंक में कौन-कौन से खाता खोला जाता है इसकी जानकारी से अवगत हुए ,बच्चो को बैंकिंग संबंधी अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। जिसके बाद बच्चो को पोस्ट ऑफिस में होने वाली गतिविधि की जानकारी भी प्रदान कराया गया। बैंक और पोस्ट ऑफिस के



अधिकारी कर्मचारियो ने बहुत ही सरल भाव से बच्चों का विभिन्न जिज्ञासा शांत करते हुए सभी जानकारी प्रदान किए। साथ में सभी बच्चो का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। बच्चों को अंत में भगवान श्री राजीव लोचन भगवान का दर्शन कराया गया। भ्रमण में ले जाने हेतु वाहन की विशेष व्यवस्था कराई गई थी जिसमें बच्चों को राजिम ले जाया गया। उक्त भ्रमण प्रधानपाठक नंदकुमार सिन्हा के नेतृत्व में कराया गया जिसमें 25 बच्चों का दल शामिल थे।

# आईपीएचएस छुरा में 100 प्रतिशत रहा 10वीं का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम तुमगांव में स्थित इंडियन पब्लिक हाई स्कूल के विद्यार्थीयों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत साबित करते हुए सत्र 2024- 25 मे कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा मे विद्यार्थीयों ने उच्च स्थान सुनिश्चित किया है। दसवीं बोर्ड परीक्षा में इंडियन पब्लिक हाई स्कूल के विद्यार्थीयों के लिए हमेशा से स्वर्णिम ही रहा है । जिसे सभी विद्यार्थीयों ने इस सत्र भी दोहराया हैं, और इस बार भी 100% परिणाम लाया है।

इस सत्र जिन्होंने अपनी ख्याति से पूरे स्कूल का नाम रोशन किया है उनमें देवेश्वरी कंवर 88.5%, नारायणी शर्मा 88.33%, भीष्मसागर पारकर 86%, लक्ष्यश्री ध्रुव 84.16%, सोनम लहरे 83.33%, गौरव सिन्हा 82%, प्रणिता सोनी 81.83%, मयंक ध्रुव 80.33%, कुणाल ध्रुवा 79%, डुमेश कुमार कंवर 75.66%, अर्चना खरे 72%, गौरव ठाकुर 64.33%, टिमेश यादव 60.66% प्रमुख हैं। विद्यार्थीयों की इस कामयाबी पर सभी पालकगणों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने भी विद्यार्थीयों की कामयाबी पर हर्ष जाहिर किया है जिनमें लेखराज ध्रुवा अध्यक्ष, लेखनारायण सोनी उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार साहू अध्यक्ष, चित्ररेखा ध्रुव उपाध्यक्ष प्रीती सेन अध्यक्ष एवं डिगेश कुमार साहू उपाध्यक्ष प्रमुख है। साथ ही विद्यालय परिवार से प्रीतम साहू संस्था प्रमुख, रेवेंद्र दीक्षित प्राचार्य, प्राची साहू विद्यालय प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगला राजपूत, हेमलता पटेल, मनोज साहू, यमुना नेताम, टिकेश्वरी रात्रे, पद्मनी साहू, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, शिल्पा चौबे, बिरेंद्र साहू, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंदी साहू, जयप्रभा साहू, रुखसार बानो, मोनिका यादव, डिगेश बघेल एवं समस्त विद्यालय परिवार ने विद्यार्थीयों की इस सफलता पर खुशी जाहिर की है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### सशिमं छुरा की प्रियंका साहू 10वीं में प्रथम

छुरा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं बोर्ड वार्षिक परीक्षाफल 2025 घोषणा किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्रियंका साहू 88.33% द्वितीय स्थान चांदनी साहू 84.33%, तृतीय स्थान यामिश निषाद 80.17% ने प्राप्त किया। विद्यालय के संचालन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, व्यवस्थापक संतोषी यादव, विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा, आचार्य टीकम मरकाम, हरीश शर्मा, किरण वर्मा, सेवकराम निषाद, सीताचरण नेताम, अजयकान्त पाण्डेय, होरीलाल साहू, ओम डहरिया, टेकेश्वरी तारक, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, मैनाज बेगम, भारती यदु, सरस्वती सिन्हा, कविता यदु, अल्का सिन्हा, निधिका शाह,राहूल सिन्हा, हेमलता नाग, डिगेश्वरी, सूरज घृतलहरे एवं अभिभावकों ने विद्यालय के सभी उत्तीर्ण भैया/बहिनों को शुभकामनाएं दिया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख सीताचरण नेताम ने दी।



### डुमेश्वरी यादव 10वीं की परीक्षा में 92.33% अंक के साथ उत्तीर्ण

छुरा। कठिन परिश्रम और सच्ची लगन हो तो कोई भी मुश्किल लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और यह कथन एक मजदूर ठेकेदार की बेटी ने कर दिखाया।



सारागांव निवासी गिरधारी यादव जो कि पेशे से एक भवन ठेकेदार है जिसकी बेटी कुमारी डुमेश्वरी यादव जो कि स्वामी आत्मानन्द स्कूल छुरा ने सीजी बोर्ड 10वीं की परीक्षा में 92.33% अंक अर्जित कर छुरा और अपने परिवार का मान बढ़ाया। कुमारी डुमेश्वरी यादव बचपन से ही मेघावी रही है और उन्होंने प्रत्येक कक्षा में 90% से अधिक अंक अर्जित किये है। वह प्रारंभ से ही पढ़ाई के प्रति अजीब ललक रही है, बिना कोचिंग के अपनी लगन और कठिन परिश्रम से यह सफलता प्राप्त किया है।उसकी इस सफलता के लिए झेरिया यादव समाज के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# सेवानिवृत्ति पर व्याख्याता संजय को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में पदस्थ व्याख्याता संजय कुमार श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और श्री श्रीवास्तव के शिक्षा जगत में योगदान को सराहा। संजय श्रीवास्तव का जन्म 24 अप्रैल 1963 को नयापारा-राजिम में हुआ था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा व हाईस्कूल हरिहर विद्यालय, नयापारा-राजिम से पूरी की। इसके पश्चात रायपुर के विज्ञान महाविद्यालय से एमएससी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने अपने शिक्षक जीवन की शुरुआत टीबीएस विद्या निकेतन, नयापारा-राजिम से की। 7 फरवरी 1994 को वे शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छुरा में यूडीटी के रूप में नियुक्त हुए और वर्ष 2009 में व्याख्याता पद पर पदोन्नत हुए। 18 अगस्त 2016 से वे गरियाबंद के इसी विद्यालय में सेवाएं दे रहे थे और 30 अप्रैल 2025 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। अपने सेवाकाल में वे हसमुख, मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ और बहुआयामी प्रतिभा के लिए जाने गए। विदाई समारोह में प्राचार्य वंदना पांडे सहित शिक्षक रघुनाथ साहू, महेश्वर माथुर, गिरिवर, रविशंकर पटेल, विद्या ठाकुर, पूनम शर्मा, शिवानी सिंह, राजकुमार सिन्हा, किरण सारथी और मथुरा प्रसाद सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने श्री श्रीवास्तव को अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा सम्मानपूर्वक विदाई दी।





# 12 वीं कुनाल 92 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल खुटेरी फिंगेश्वर का कक्षा 12 वीं कुनाल मतावले 92% अंक हासिल के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। कुनाल के पिता लीलाराम मतावले प्राथमिकता शाला सिर्रीखुर्द में सफाई कर्मी है,तो माता अंजुबाई किराना दुकान लघु व्यवसाय करती है। वहीं हाई स्कूल खुटेरी आयुष कुमार साहू सिर्रीखुर्द 91% अंक अर्जित कर स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया, इनके माता लोकेश्वरी ओमप्रकाश साहू शिक्षिका है। वहीं हाई स्कूल सशिमंदिर रोशनी यादव बिजली 85% अंक अर्जित कर सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया है।वह जनपद सभापति नंदू यादव बिजली की भतिजी बीना संतराम यादव बिजली की पुत्री है। डॉक्टर व इंजिनियर बनने का सपना देखने वाले के मेहनत से खुटेरी, बिजली, मडवाडिही, सिर्रीखुर्द, कुण्डेल, खुडियाडिही क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि ने साबित किया कि मेहनत और लगन से सरकारी स्कूलों में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। ने अपनी सफलता का विधायक प्रतिनिधि राजिम विजय कंडरा सिर्रीखुर्द, जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच खुटेरी बेनी शंकर साहू, सरपंच सिर्रीखुर्द देवेन्द्र वर्मा, सरपंच बिजली पद्मा मोती निषाद, गजेन्द्र निषाद,खुटेरी प्राचार्य सुश्री याचना जोशी, शिक्षक खोमन सिन्हा व श्रेय परिजनों और स्कूल प्राचार्य व विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को दिया।


कुनाल मतावले


रोशनी यादव


आयुष साहू

**तीन दिवसीय समाज कार्य विभाग द्वारा आयोजित वर्कशाप समारोह का हुआ समापन**

# बारीकी से काम करना ही जमीनी स्तर की सफलता की कुंजी : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में समाज कार्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में लक्ष्मी नारायण देवांगन प्रोजेक्ट डायरेक्टर सार्थक क्रिएटिव ऑगेनाईजेशन से रूबरू होने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यशाला की शुरूआत करते हुए आपने एनजीओ तथा सी बी वो के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि जमीन स्तर पर कार्य करने के लिए बहुत से बारीकियां पर ध्यान देना पड़ता है जैसे सर्वप्रथम एनजीओ का नाम रजिस्ट्रेशन कैसे करें, एनजीओ का एजेंडा कैसे हो, परियोजना का चुनाव कैसे करें, चुनाव पूर्व क्षेत्र का मूल्यांकन कैसे करें, इस प्रकार के बहुत से तकनीकी समस्या को समझाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही साथ इंपॉर्टेंट डॉक्यूमेंट कैसे बनाएं तथा रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, बाय लॉ ,पैन कार्ड, बैंक अकाउंट 12 ए 80 जी सर्टिफिकेट की आवश्यकता पर बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। टेक्निकल एक्सपर्ट प्रशांत वर्मा द्वारा सोशल वर्क फील्ड में कंप्यूटर के योगदान पर बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया। उन्होंने गूगल फॉर्म ,चार्ट, बाय चार्ट, सारणी तथा डाटा एनालिसिस पर बहुत ही सटीक जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख डॉक्टर सविता मिश्रा का अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। साथ ही महाविद्यालय के प्रबुद्ध प्राध्यापकगणों की विशेष भूमिका परिलक्षित हो रही है। इस कार्यक्रम को संगठित करने में विभाग अध्यक्ष समाज कार्य विभाग सोनम चंद्राकर का अमूल्य योगदान प्राप्त हो रहा है। संचालन क्षमता शिल्पा मसीह द्वारा किया गया।

### व्यक्तित्व विकास में चुनौतियों को करना पड़ता है सामना

पांचवे तकनीकी सत्र में शीर्षक समाज कार्य में अवसर चुनौतियां और समाधान विषय पर अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती रायपुर के सहायक अध्यापक तथा विभाग अध्यक्ष समाज कार्य विभाग मोहम्मद रफीक के उदबोधन तथा पाठ्यचर्या में संपन्न हुआ। अंतिम सत्र में समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख डॉक्टर सविता मिश्रा, विशेष अतिथि एम.एल. वर्मा, मुख्य वक्ता मोहम्मद रफीक थे। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा ने कहा कि व्यक्तित्व के विकास में चुनौतियों को सामना करना होता है। वर्कशॉप को सफल बनाने में संयोजक सोनम चंद्राकर, सह संयोजक डॉ. राजेश बघेल, आयोजक सचिव डॉ. देवेंद्र देवांगन, डॉ. सर्वेश कौशिक पटेल, आयोजन समिति के सदस्यगण डॉ. समीक्षा चंद्राकर, क्षमा शिल्पा मसीह, डॉ. ग्रीष्मा सिंह, प्रदीप टंडन, नेहा सोनी, सीमा साहू, निधि बग्गा, शुभम शर्मा, तकनीकी विभाग मनीष साहू, रजत पांडे तथा डॉ. भानु प्रताप नायक, मनीषा भोई, डॉ. अश्वनी साहू, वाणी चंद्राकर, विद्या ज्योति सहाय, गरिमा साहू, छात्र-छात्राओं एवं ऑनलाइन जुड़े हुए प्रतिभागी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संचालन डाहरू सोनकर तथा आभार डॉ सर्वेश कौशिक पटेल द्वारा किया गया।




online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई , 04 जून , 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411